स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 84, दिनांकः 14–03–2024

दिनांक 17/18–02–2024 को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर आउट कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 14–03–2024 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के विरूद्ध थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 21/2024 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि व 6/10 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में वांछित अभियुक्त रंजन कुमार यादव को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः

रंजन कुमार यादव पुत्र केशव प्रसाद सिंह निवासी–सनातबीघ्या मथुरापुर थाना–डालमियानगर जिला रोहतास बिहार।

बरामदगीः–

1– 02 अदद मोबाईल फोन।
2– 01 अदद डेबिट कार्ड।
3– 01 अदद ब्लैंक चेक।

गिरफ्तारी का स्थान व समय–

थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 14.03.2024

उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोहों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों/फील्डइ काईयों को निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में श्री धर्मेश कुमार शाही, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ लखनऊ के पर्यवेक्षण में श्री सत्य प्रकाश सिंह, निरीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई गोरखपुर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

उक्त निर्देशों के क्रम में एस0टी0एफ0 फील्ड यूनिट गोरखपुर द्वारा दिनांक 17/18–02–2024 को आयोजित उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले सदस्यों को पूर्व में थाना इटवा जनपद जनपद सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी क्रम में थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 21/2024 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि व 6/10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधि0 में रंजन कुमार यादव पुत्र केशव प्रसाद सिंह निवासी–सनातबीघ्या मथुरापुर थाना–डालमियानगर जिला रोहतास बिहार को आज दिनांक 14.03.2024 को पूछताछ के बाद पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर एवं अपराध की स्वीकारोक्ति पर गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई। अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 21/2024 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि व 6/10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधि0 में दाखिल किया गया है।